तारीख हुक्म	डी आर मेघवाल बनाम लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी लूणी) सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353411678918177	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30/12/25	अपीलार्थी डी आर मेघवाल निवासी वस स्टेण्ड के पास ग्राम सरेचा तहसील लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.09.2025 उपखण्ड अधिकारी, लूणी को श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री मिश्रीलाल जाति सुथार निवासी सरेचा तहसील लूणी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.11.2021 के संबंध में कार्यालय उपखण्ड अधिकारी लूणी एवं अन्य अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की समस्त एवं संपूर्ण पत्रावली की प्रति दिलाने हेतु प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड़ अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2025.12.30 14:27:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19633651